जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन

www.dainikjagranmpcg.com ✹ चाचौड़ा ✹ राघौगढ़ ✹ मुंगावली ✹ चंदेरी ✹ पोहरी ✹ कोलारस ✹ जीरापुर ✹ सारंगपुर ✹ बड़नगर ✹ नागदा भोपाल, 07 दिसंबर 2025

### उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किए गिरोह के सदस्य, नगदी सहित 26 लाख का माल बरामद, फरार तीन आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

# चार्टर्ड बस से चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

**जागरण, ब्यावरा**

नेशनल हाइवे पर मक्सी से ब्यावरा के बीच यात्री बस में एक महिला यात्री के बैग से नगदी सहित लाखों रुपए के जेवर आदि चोरी के मामले में देहात थाना ब्यावरा की पुलिस को अंतरराज्यीय चोर गिरोह के तीन सदस्यों को पकड़ने और उनसे चोरी का माल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कांफ्रेंस में चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने बताया कि 23 नवंबर 25 को फरियादी पवित्रा बाई पति रूपसिंह नागर उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम बरोटा, जिला देवास ने देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 नवंबर को मक्सी से चार्टेड बस में यात्रा के दौरान उसके बैग में रखे सोने-चांदी के जेवरात सहित 80 हजार रुपए नगदी को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया। महिला की शिकायत पर थाना देहात ब्यावरा में धारा 305(5)बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था।

घटना के बाद चोरों की गिर तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे व एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना देहात ब्यावरा प्रभारी धर्मेन्द्र शर्मा ने टीम बनाकर चोरों की पड़ताल के लिए रवाना किया।



जहां पुलिस ने अंतरराज्यीय चोरी गैंग को गिरफ्तार कर भारी मशरुका बरामद किया गया।

पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर की सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। इसमें टिंकू उर्फ टिंका अहेरिया, धर्मेन्द्र अहेरिया, अनमोल अहेरिया, बंटी अहेरिया, भूपेन्द्र अहेरिया सभी निवासी मिर्जापुर उप्र, नूरसिंह अहेरिया निवासी मोहदीनपुर, ऐटा उप्र शामिल हैं। इसके बाद टीम ने मिर्जापुर में दबिश दी, जहां आरोपी बाहर होने से पकड़े नहीं गए।

टीम ने तकनीकी लोकेशन पर आधारित ट्रैकिंग के बाद तीन आरोपी जौरा बस स्टैंड श्योपुर मुरैना मार्ग से तीन आरोपियों को गिर तार किए गए। इसमें टिंकू उर्फ टिंका पिता रामजीलाल अहेरियाए 34 वर्ष निवासी मिर्जापुर, हाथरस उप्र, धर्मेन्द्र पिता जंगबहादुर अहेरिया उम्र 47 वर्ष, निवासी मिर्जापुर हाथरस उप्र, नूरसिंह पिता गोवर्धन अहेरिया उम्र 60 वर्ष निवासी मोहदीनपुर, हाथरस उप्र गिर तार किए गए हैं। जिन्हें न्यायालय से पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ पर आरोपियों ने अपने तीन फरार साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

### आरोपियों से बरामद किया माल

पुलिस अंतरराज्यीय चोर गिरोह के सदस्यों को गिर तार कर उनके पास से चोरी गया माल बरामद किया है। बरामद माल में नगदी सहित 26 लाख रुपए रुपए का सामान शामिल है। इसमें सोने के 21 तोले आभूषण, चांदी के 1 किलो 300 ग्राम के आभूषण, नगदी 80 हजार रुपए शामिल हैं।

### पुलिस टीम का रहा योगदान

आरोपियों को पकड़ने एवं माल बरामदी में पुलिस टीम का विशेष सहयोग रहा। इसमें उप निरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा थाना देहात ब्यावरा, प्रआर दीपक यादव, विक्रम सिंह, नीलेश पंत, रवि मोर्य, धीरेन्द्र अहिरवार, जीआरपी मुरैना, उनि अमित शर्मा, आर भोला, थाना हाथरस जंक्शन उनि यदुनाथ सिंह, आरक्षक कुलदीप का सराहनीय सहयोग रहा।

## दस्तावेजों में हेरफेर कर फाइनेंस कराने वाला गिरफ्तार



**ब्यावरा।** कागजों में हेरफेर करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिर तार किए हैं। 28 नवंबर 2025 को फरियादी संतोष पिता प्रेमशंकर वर्मा उम्र 37 वर्ष निवासी तुलसीनगर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि बजाज पार्टनर कर्मचारी एफओएस शुभम वंशकार निवासी बाराद्वारी नरसिंहगढ़ ने ग्राहक जानकारी में कूटरचना करते हुए कई व्यक्तियों के आधार कार्ड में जन्मतिथि, पता एवं अन्य विवरण में परिवर्तन कर वाहन फाइनेंस करवाए। दस्तावेजों में हेरफेर कर जिनके नाम पर फाइनेंस कराया गया। जिसमें राहुल विश्वकर्मा, रूनाहा तह. बैरसिया भोपाल, लखन सिंह पिता मूल सिंह ग्राम कड़ियाहाट, जिला राजगढ़, बबलू पिता कालूराम, रूनाहा, तह बैरसिया भोपाल, ओमप्रकाश भाट पिता कालूराम, वार्ड हाथीखाना ब्यावरा, जीवन साहू पिता दिनेश साहू वार्ड 03, सुरजपोल गणेश मंदिर नरसिंहगढ़ शामिल हैं। शिकायत पर सिटी थाना ब्यावरा में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने टीम ने तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी शुभम वंशकार पिता बंशीलाल वंशकार को गिर तार किया गया। वहीं आरोपी की निशानदेही पर धोखाधड़ी से फाइनेंस कराए गए 2 वाहन बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि मोहित छावड़ा, निवासी नरसिंहगढ़ द्वारा उसकी आईडी का दुरुपयोग कर आधार कार्ड में कूटरचना की जाती थी। अन्य सह.आरोपियों की भूमिका भी जांच के दायरे में है तथा पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई में पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## न्यूज कार्नर

### शिक्षक रमेश शर्मा का निधन



**नरसिंहगढ़।** बड़ा बाजार निवासी गांवठी परिवार के पंडित अमरनाथ शर्मा, प्रदीप शर्मा, राजेंद्र द्विवेदी, अनिल द्विवेदी, सुनील द्विवेदी के भाई एवं अनुकृति अंजलि अनुष्का के पिताश्री विशाल, पुनीत, अनुप, भोला, शुभम, आशु के चाचा रमेश चंद्र शर्मा शिक्षक का लंबी बीमारी के पश्चात स्वर्गवास शनिवार को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा स्वम निवास बड़ा बाजार से मुक्ति धाम दोपहर तीन बजे ले जाई गई जहां पर विधि विधान मंत्रों उपचार के मध्य पंडित रमेश चंद्र शर्मा शिक्षक का अंतिम संस्कार किया गया। मुक्तिधाम परिसर में उपस्थित नगर के गणमान्य नागरिक मीडिया कर्मी समाजसेवी एवं समाज जन सहित सैकड़ो लोगों ने मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### ई-ऑफिस का उपयोग करने दिए निर्देश

**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में समस्त तहसील कार्यालय एवं समस्त जनपद कार्यालय के कर्मचारियों को ई. ऑफिस प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समस्त तहसील एवं जनपद कार्यालय में ई-ऑफिस का अधिक से अधिक उपयोग करने के निर्देश कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा दिए गए। साथ ही जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक अभिषेक रघुवंशी एवं सहायक प्रबंधक पुनीत गर्ग द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया।

### भाजपाजनों ने अम्बेडकर की मनाई पुण्यतिथि



**जीरापुर।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मण्डल जीरापुर एवं भण्डावद के नेतृत्व मे पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं द्वारा शनिवार को क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी के नेतृत्व में भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्य तिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान भाजपाईयों ने नगर के इंदर चौराहा पर बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रृद्धासुमन अर्पित कर उनको नमन किया गया। इस दौरान विधायक हजारीलाल दांगी, ईश्वर सिंह तोमर ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर एक समाज सुधारक थे जिन्होने पूरे देश को समरसता, समानता प्रदान की। जिनके विचारों को आत्मसात कर देश आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर लखन तोमर, विष्णु सिंह पंवार, गंगाराम परमार, डॉ.रामचरण किरार, गिरिराज जुलानिया, दीपक मालवीय, कुशाल मंडलोई, रमेशचंद्र शर्मा, शिवराज सिंह चौहान, बालचंद दुगरिया, पूजा गुप्ता, विष्णु प्रसाद मालवीय, देवकीनंदन जमीदार, जीवन बागड़ी, कमल झावा, अनिल सेन, बनवारी मेघवाल, कंवर लाल वर्मा, मोहन मेघवाल, मथुरालाल मालवीय, सीताराम मालाकार, भेरूलाल आदि भाजपाई उपस्थित रहे।

### जांच टीम के साथ क्लीनिक संचालक ने की हाथापाई, पुलिस ने संभाला मामला

# पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने सील की फर्जी क्लीनिक



**जागरण, ब्यावरा**

शनिवार शाम को शहर के बांडीखाली स्थित एक फर्जी अजय क्लिनिक पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए सील कर दिया है। टीम को क्लिनिक के संचालन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। संचालक अजय विश्वकर्मा भी उपचार करने या किसी डिग्री से संबंधित कोई प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं करा सका। इसको लेकर स्वास्थ्य और पुलिस विभाग की टीम ने सील कर दिया है। यह कार्रवाई तब की गई, जब संचालक ने जांच करने पहुंचे ड्रग्स इंस्पेक्टर दिलीप अग्रवाल के साथ अभद्रता की। क्लिनिक बिना वैध दस्तावेजों और डिग्री के संचालित हो रहा था। कार्रवाई के दौरान सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल, सिविल सर्जन डॉ. रजनीश, डॉ. डीके शाक्य, बीएमओ डॉ. सोरिन दत्ता, ड्रग्स इंस्पेक्टर दिलीप अग्रवाल और सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ मौजूद रहे। जांच में पाया गया कि क्लिनिक का न तो कोई रजिस्ट्रेशन था और न ही संचालक के पास कोई डिप्लोमा या डिग्री थी। टीम ने क्लिनिक से अवैध दवाइयां और नशे के इंजेक्शन भी बरामद किए। ड्रग्स इंस्पेक्टर दिलीप अग्रवाल ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वे क्लिनिक की जांच करने पहुंचे थे। इस दौरान संचालक अजय विश्वकर्मा और उनके पिता आरपी विश्वकर्मा ने उनके साथ अभद्रता की और जांच में बाधा डालने का प्रयास किया। स्थिति बिगड़ने पर सिटी थाना पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने पुष्टि की कि क्लिनिक का रजिस्ट्रेशन नहीं था और संचालक के पास कोई वैध डिग्री या डिप्लोमा नहीं पाया गया। इन अनियमितताओं के चलते क्लिनिक को सील करने की कार्रवाई की गई है।

### कांग्रेस ने मनाई बाबा साहब की पुण्यतिथि



**ब्यावरा।** स्थानीय अंबेडकर चौराहे पर समस्त कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा के रचयिता बाबा साहेब अंबेडकर जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं बाबा साहब के मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने बाबा साहब द्वारा दिए गए बलिदान एवं संविधान पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके द्वारा देश को दिए गए संविधान की रक्षा करने एवं उसका पालन करने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक पुरुषोत्तम दांगी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव सहित बड़ी सं या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवक की सड़क हादसे में मौत

**जागरण, सुठालिया**



नजदीकी ग्राम स्थित टोड़ी के एक युवक की शुक्रवार एवं शनिवार के दरमियान रात सड़क हादसे में दुखद मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक विशाल पिता भवर सिंह राजपूत उम्र करीब 25 वर्ष जो की उज्जैन में रहकर प्राइवेट जॉब करता था वह शुक्रवार की रात को अपने दोस्त संदीप पटेल असलना के साथ समीपस्थ कस्बे नरवर में अपने दोस्त पवन सोनी की शादी की समारोह में सम्मिलित होने दोनों बोलेरो गाड़ी से गए थे इसी दौरान नरवर से लौटते वक्त रात्रि को देवास रोड पर दताना के पास ब्रिज के यहां उनकी बोलेरो को आईसर गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे उन दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद सूचना पर परिजन यहां से शव लेने उज्जैन पहुंचे जहां से शनिवार दोपहर को युवक विशाल का शव गांव लाया गया जहां गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताया जाता है कि आगामी जनवरी माह 2026 में विशाल का विवाह होने वाला था हादसे के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। विशाल मिलनसार युवक था व अपने पिता का इकलौता पुत्र था उसकी एक बहन भी है। घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है। अंतिम यात्रा में बड़ी तादाद में ग्रामीण शामिल हुए व भगवान से मृत आत्मा को शांति देने व परिवार पर हुए बज्र पात को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

### छात्रा से की छेड़खानी और जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**ब्यावरा।** नगर में एक युवक द्वारा कक्षा 10वी की छात्रा को के साथ छेड़खानी करने और घर के सामने गाली-गलोच करते छात्रा व उसके माता-पिता को जान से मारने की धमकी देने पर परिजनों ने आरोपी आरोपी विक्की उर्फ विकाश शर्मा निवासी बीनागंज चांचोड़ा गुना के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। लड़की ने बताया कि वह कक्षा दसवी की छात्रा आरोपी दो माह से पीछा कर रहा है। शनिवार पांच बजे पुनीत टाकीज के पास आरोपी ने लड़की को रोककर बोला तूं मुझसे बात क्यों नहीं करती। उसके विरोध करने पर विक्की ने बुरी नियत से उसका हाथ पकड़ा तो वह चिल्ला पड़ी। इस पर आरोपी उसको जान से मारने की धमकी देकर भाग। इसके बाद उसके घर पर आकर गाली गलोच करने लगा। जब लड़की के म मी-पापा घर से बाहर आए तो आरोपी उनको भी धमकी दी कि लड़की ने मुझसे बात नहीं की तो उसे जान से मार दूंगा। इस घटना के बाद परिजनों ने पुलिस थाने आकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई ।

## कलेक्टर बने श्रवण कुमार, 32 वृद्धजनों को महाकाल दर्शन करने उज्जैन भेजा

**जागरण, राजगढ़**



मानवता और संवेदनशील प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिला अस्पताल स्थित वृद्धा आश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष धार्मिक यात्रा की पहल की। कलेक्टर डॉ्. मिश्रा स्वयं श्रवण कुमार की भावना के साथ आगे आए और सभी वृद्ध जनों को उज्जैन महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन हेतु भेजने की व्यवस्था कराई। वृद्ध आश्रम के वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित एवं सुखद यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा भोजन, आवागमन, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई। प्रशासन की इस पहल से वृद्ध जनों में अत्यंत उत्साह और भावनात्मक प्रसन्नता देखने को मिली। सभी ने कलेक्टर डॉ. मिश्रा के प्रति आभार प्रकट किया। डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कहा कि वृद्धजन समाज की सबसे अमूल्य धरोहर हैं। उनके चेहरे पर मुस्कान लाना हमारी जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि सौभाग्य है। जिला प्रशासन द्वारा आगे भी इसी प्रकार मानवीय और जनहितकारी कार्यों को निरंतर जारी रखने की बात कही गई है।

### अजाक्स ने बाबा साहब को अर्पित किये श्रृद्धासुमन



**जीरापुर।** अजाक्स संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने शनिवार को अजाक्स के जिलाध्यक्ष जगदीश वर्मा के नेतृत्व में भारतीय संविधान निर्माता भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने नगर के इंदर चौराहा स्थित बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रृद्धासुमन अर्पित कर उनको नमन किया गया। इस अवसर पर दिनेश जोनवाल, रमेशचंद्र मालवीय, गंगाधर मेघवाल, गोकुलप्रसाद सिंहवाल, रोड़ीलाल वर्मा, गोवर्धनसिंह वर्मा, मथुराप्रसाद मालवीय, तहसील अध्यक्ष मनोहरसिंह मालवीय, राजेन्द्र तोनगिरिया, रामप्रसाद वर्मा, जगदीश मालवीय, बद्रीलाल मालवीय आदि उपस्थित रहे।

# भागवत गीता के सार को आत्मसात कर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बनाएं: महाराज

**जागरण, जीरापुर**



विश्व गीता प्रतिष्ठानम उज्जयिनी द्वारा नगर में संचालित सांदीपनि गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा बुधवार को गीता जयंती पर वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गयाए जिसमें विद्वानों ने भागवत गीता का संक्षिप्त में सार बताते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। नगर के डग रोड बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित उक्त कार्यक्रम में मंचासीन अतिथी रामानुज कोट उज्जैन के पीठाधीश्वर स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज, जटाशंकर महादेव मंदिर खारपा के संत स्वामी रामाश्रय महाराज, स्वामी सत्यानंद त्यागी महाराज, स्वामी घासीराम महाराज अंजनीलाल मंदिर संडावता आदि विद्वानों द्वारा भागवत गीता का पूजन अर्चन दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। तदुपरांत मंडल की ओर से मंचासीन अतिथियों का पुष्पमाला व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंडल के जिला संयोजक दिनेश चंद्र नागर ने गीता स्वाध्याय मंडल की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था द्वारा 19 वर्षों से लगातार नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय संस्कृति व संस्कृत व गीता के ज्ञान को स्वाध्याय के रुप में प्रवाहित कर जन-जन तक गीता के उपदेश को पहुंचाया जा रहा है। साथ ही वर्ष भर की गतिविधियों का उल्लेख करते हुए आगामी कार्यक्रम की रुप रेखा तय की गई। इस अवसर पर उपस्थित संत महात्माओं व विद्वान जनों ने गीता के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा की मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा गीता महोत्सव का आयोजन किया गया यह हमारे लिए गर्व का विषय है। रामानुज कोट के पीठाधीश्वर स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज ने अपने उद्बोधन में बताया कि गीता का स्वाध्याय करने से मनुष्य दशा और दिशा में लाभकारी परिवर्तन होता है, इसलिए भागवत गीता के सार को आत्मसात कर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बनावे। उन्होंने नियमित रूप से गीता का स्वाध्याय करने के लिए प्रेरित किया और कहा की प्रत्येक घर पर गीता माता का वाचन होना चाहिए। इस अवसर पर जिला संयोजक दिनेशचंद्र नागर, कार्यक्रम के आयोजक खेमचंद सोनी, मंडल अध्यक्ष घनश्याम भिलाला, शिवनारायण मंडलोई, नरवरसिह पंवार, ललीत जोशी, श्याम सुंदर शर्मा, रामेश्वर टांक, इंद्रा मुंदड़ा, दामोदर बरोज, प्रमोद दुबे सहित बडी संख्या में श्रद्धालु लोग मौजूद रहे।

**राज्यमंत्री का भाया अंदाज** | कार्यक्रम में बेटियों के उत्साहवर्धन के लिए जमीन पर बैठकर खिंचवाई फोटो

# सरकारें विकास के लिए चला रहीं प्रभावी योजनाएं : मंत्री पंवार

**जागरण, ब्यावरा**



विकासखंड में पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित निःशुल्क साइकल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री एवं स्वतंत्र प्रभार व मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार सम्मिलित हुए। उन्होंने 245 छात्राओं को निः शुल्क साइकिलों का वितरण कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री एवं स्वतंत्र प्रभार श्री पंवार का सादगी और आत्मीयता से भरपूर अनोखा अंदाज तब देखने को मिला, जब वे बेटियों के साथ जमीन पर बैठकर फोटो खिंचवाते नजर आए, छात्राओं में विशेष उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ। राज्यमंत्री श्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रभावी योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, साइकिल वितरण योजना, छात्रवृत्ति योजनाएं, पीएम श्री स्कूल योजना, मुफ्त पाठ्यपुस्तक वितरण और निःशुल्क गणवेश योजना जैसी योजनाएं बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। राज्यमंत्री श्री पंवार ने कहा कि लाड़ली बहना योजना से प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है, वहीं लाड़ली लक्ष्मी योजना बेटियों के भविष्य को सुरक्षित बना रही है। साइकिल वितरण योजना से अब ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां भी आत्मविश्वास के साथ स्कूल पहुंच रही हैं और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की मंशा है कि हमारी कोई भी बेटी संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि आज मध्यप्रदेश की बेटियां शिक्षा, खेल, विज्ञान, मेडिकल, प्रशासन और तकनीकी क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस अवसर पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोविंद कुमार दुबे, बीईओ दिलीप कुमार शर्मा, स्कूल प्राचार्य नाथु सिंह सिकरवार सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महापरिनिर्माण दिवस पर जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब का स्मरण कर किया नमन

**जागरण, ब्यावरा**



शनिवार को संविधान के महान शिल्पकार, समता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के प्रखर अग्रदूत, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस मौके पर मंत्री नारायण सिंह पंवार ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। इस अवसर पर मंत्री पंवार ने बाबा साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अपना स पूर्ण जीवन वंचितों, शोषितों और कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार दिलाया, जो आज भी हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं नागरिकों ने भी बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, दिलवर यादव, अमित शर्मा, राजू यादव, पवन कुशवाह, रामनारायण दांगी, पार्षद बनवारी पुष्पद, गोपाल जाटव, गोपाल बादशाह, दीपकमल शर्मा, इंदर सिंह लववंशी, गिरराज लववंशी आदि मौजूद रहे।

# शराब ठेकेदार आत्महत्या मामले में सहायक आबकारी आयुक्त निलंबित

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लिया मामले में संज्ञान, जांच के आदेश भी दिये**



जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

## क्या शराब ठेकेदार मकवाना का वीडियो खोलेगा राज?

### पिछले दिनों शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना ने की थी आत्महत्या

**देवास।** पिछले एक वर्ष में दो शराब ठेकेदारों द्वारा आत्महत्या की गई है। गत 10 मई को देवास के ठेकेदार जोगेंद्रसिंह भदौरिया ने आत्महत्या की थी। वहीं 8 नवंबर को देवास के ही एक अन्य शराब दिनेश पिता सत्यनारायण मकवाना निवासी ग्राम कनाड़िया ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मकवाना द्वारा की गई आत्महत्या का खुलासा तो पुलिस ने नहीं किया है, किंतु सोशल मीडिया पर एक महत्वपूर्ण जानकारी वायरल हुई है, जिसमें बताया जा रहा है कि मकवाना ने जहर खाने से पहले 45 मिनट का वीडियो बनाया था, जो अब परिजनों के पास होना बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इस वीडियो में आबकारी विभाग के अफसरों की प्रताड़ना व सत्ताधारी दल के नेताओं द्वारा प्रताड़ित करने की बात सामने आ रही है। हालांकि अभी तक अधिकारिक तौर पर इस वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है। गौरतलब है कि मकवाना के पास देवास जिले की डबलचौकी, चापड़ा व करनावद की शराब दुकानें थी। मकवाना के करीबी लोगों का मानना है कि इन तीनों दुकानें घाटे में चल रही थी, इसीलिए मकवाना परेशान था। इसके बाद उसने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सोशल मीडिया पर वायरल जानकारी यदि सच है और वास्तव में कोई 45 मिनट का वीडियो परिजनों के हाथ लगा है, तो उसकी जांच होना चाहिए, ताकि आत्महत्या का कारण सामने आ सके।

दैनिक जागरण ने अपने 25 नवंबर के अंक में व्यक्त की थी संभावना

**देवास।** शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना द्वारा की गई आत्महत्या मामले में अब शासन एक्शन मोड पर आ गया है। दिनेश मकवाना का वीडियो वायरल होने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश जारी किए है। इस संबंध में मप्र शासन वाणिज्य कर विभाग उप सचिव श्रीमती वंदना शर्मा द्वारा जारी आदेश में लिखा है कि सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि जिला देवास के मदिरा ठेकेदार दिनेश मकवाना द्वारा आत्महत्या किये जाने के पूर्व एक वीडियो बनाया था। कथित वीडियो में जिले की प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त श्रीमती मंदाकिनी दीक्षित के विरुद्ध अवैध राशि की मांग का गंभीर आरोप लगाते हुए आत्महत्या करने की बात कही गई है। श्रीमती दीक्षित पर लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टयां अत्यंत गंभीर श्रेणी में होकर शासकीय सेवक के कर्तव्यों एवं दायित्वों के विपरीत होने से मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 का स्पष्ट रूप से उल्लंघन है। अतएव राज्य शसन द्वारा श्रीमती मंदाकिनी दीक्षित को मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित करता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय आबकारी आयुक्त ग्वालियर रहेगा। उल्लेखनीय है कि गत 8 नवंबर को देवास जिले में डबलचौकी, चापड़ा एवं करनावद समूह की 5 लाइसेंसी शराब दुकानों के ठेकेदार दिनेश मकवाना ने इंदौर में जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में इंदौर के कनाड़िया थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मृतक पक्ष और अधिकारी के आरोप-प्रत्यारोप




इस मामले में दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। जहां मृतक के परिजनों ने पुलिस को वीडियो उपलब्ध कराते हुए आबकारी अधिकारी पर वसूली करने व धमकाने का आरोप लगाया है। वहीं आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित का कहना है कि मृतक शराब ठेकेदार के परिजन उन्हें वीडियो के आधार पर ब्लैकमेल कर 2 करोड़ रुपये की डिमांड कर रहे है। इस संबंध में उन्होंने 24 नवंबर को देवास एसपी को आवेदन देने का दावा भी किया था। उधर शुक्रवार की शाम को सोशल मीडिया पर कुछ ऑडियो व वीडियो ओर वायरल हुए है, जिसमें आबकारी अधिकारी व मृतक की मां के बीच चर्चा करते हुए दिखाई दे रहे है।

### वीडियो वायरल होने के बाद आबकारी में मचा भूचाल

कनाड़िया पुलिस आत्महत्या मामले की जांच कर ही रही थी, इसीलिए मृतक शराब ठेकेदार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें उसने आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित पर हर दुकान से डेढ़ लाख रुपये की अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए आत्महत्या करने की बात कही थी। इस वीडियो के वायरल होने के बाद आबकारी विभाग में हड़कंप मच गया था। वीडियो वायरल होने के बाद जहां कनाड़िया थाना पुलिस ने वीडियो की जांच करवाने की बात कही थी। वहीं देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा था कि वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है, रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। उधर मामला उजागर होने के बाद देवास के एक ओर शराब ठेकेदार ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि जिले में ऐसे कई ठेकेदार है, जो वर्तमान में विभाग की अवैध वसूली के शिकार है, किंतु व्यापार प्रभावित होने के चलते वे चुप्पी साधे हुए है।



## शहर कांग्रेस ने मनाई बाबा साहब की पुण्यतिथि

**देवास।** बाबा साहेब आंबेडकर इस देश के ऐसे नेता रहे हैं, जिन्होंने देश के हर वर्ग के लिए काम किया तथा उन्हें अधिकार संपन्न बनाया। उक्त विचार डॉ. आंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस द्वारा उज्जैन तिराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी ने व्यक्त किए। इसी के साथ सभी को संविधान की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सुधीर शर्मा ने किया एवं आभार रूपेश कल्याने ने माना।

## डॉ. आंबेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**हाटपीपल्या।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि अम्बेडकर चौराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई। आंबेडकर प्रतिमा निर्माण समिति अध्यक्ष लीलाधर रलोती ने अपने उद्बोधन में बताया कि डॉ. आंबेडकर ने करोड़ों लोगों को इंसान बनने का अधिकार दिया। बाबा साहब एक नेता नहीं, एक युग एक क्रांति व एक अमर विचारक थे। इस अवसर पर अजाक्स तहसील अध्यक्ष परमानंद पिपलोदिया, सरपंच सुभाष मालवीय, रामलाल पेंटर, जुगल रलोती, अजीज खां, विजेंद्र रलोती, सुमेर सिंह चौहान, प्रहलाद परिहार, माणक चौहान, रोहित बामनिया, राज बामनिया, अंकित शिंदे, प्रतीक रलोती, अनिल अटाड़िया, बहादुर सिंह मालवीय, जसपाल सिंह मालवीय, जसवंतसिंह आदि उपस्थित थे।




## न्यूज कार्नर

### अज्ञात कारण के चलते युवक ने लगा ली फांसी



**सोनकच्छ।** शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात्रि में नगर के वार्ड क्रमांक 14 में रहने वाले एक युवक ने अज्ञात कारण के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 14 में रहने वाले सावन पिता दिनेश माली उम्र 20 वर्ष ने अज्ञात कारण के चलते अपने ही घर के एक कमरे में फांसी लगा ली। अलसुबह करीब साढ़े 5 बजे युवक के दादा अंबाराम माली ने युवक को फांसी के फंदे पर लटका देखा, तो वह हक्का-बक्का रह गए थे। कुछ ही देर में घटना की जानकारी नगर में फैल गई। जिसके बाद मोहल्ले सहित माली समाज व परिजनों में शोक की लहर छा गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची व उचित कार्यवाही एवं मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया एवं घटना को जांच में लिया। बताया जाता है कि मृतक मिलनसार व्यक्तित्व का धनी होकर कामकाजी युवक था।

### बाबूलाल भावसार का निधन

**पीपलरावां।** ग्राम मुरमिया बड़ा निवासी दिलीप कुमार, अशोक कुमार भावसार के पिताजी एवं अंकित, सचिन के दादा भाजपा कार्यकर्ता बाबूलाल भावसार का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन पर रायसिंह सेंधव, अंबाराम शिंदे, प्रहलाद सिंह धाकड़, सलीम खां, विक्रम बामनिया, विष्णु शिंदे, शाकिर खां पठान, मोनू भावसार, संजू भावसार आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### डॉ. आंबेडकर पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

**पीपलरावां।** डॉ. भीमराव आंबेडकर बाबा साहब की पुण्यतिथि पर ग्राम पीरपाड़ल्या में श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मेहरबान सिंह मालवीय, कान्हा तिलवदिया, अभिषेक अंगोरिया, अंजली मालवीय, अर्चना मालवीय आदि उपस्थित थे।

### प्रेरणा प्रोत्साहन समिति ने मनाया परिनिर्वाण दिवस

**पीपलरावां।** प्रेरणा प्रोत्साहन समिति मप्र द्वारा आयोजित सिंदल कृषि फार्म पर श्रद्धांजलि सभा एवं बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में समिति संयोजक शंकर सिंदल ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में अंबाराम मालवीय, गजानंद देलमिया, कैलाश शिंदे, संदीप लिंबोदिया, इंदरसिंह झाला, ओमप्रकाश सोलंकी, नीलेश कुमार सोलंकी, दिलीप कुमार मालवीय, हरिनारायण लिंबोदिया एवं डॉ. आयुष कुमार सोलंकी उपस्थित थे।

### दत्त मंदिर बांगर में आज भंडारे का आयोजन

**देवास।** श्री दत्त मंदिर क्षेत्र बांगर में श्री दत्तात्रेय जन्मोत्सव के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 7 को प्रसिद्ध भंडारा आयोजित होगा। मंदिर व्यवस्थापक और पुजारी दत्ताप्रसाद कुलकर्णी ने बताया कि भंडारे की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जिसमें देवास, इंदौर, उज्जैन के साथ ही अन्य जगहों से श्रद्धालु आते है। पिछले साल भी करीब 50 हजार लोगों ने प्रसादी का लाभ लिया। भंडारा दोपहर 11 बजे आरती के बाद प्रारंभ होगा।

### एसआईआर कार्य ९९.९३ प्रतिशत पूर्ण

**देवास।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण, फॉर्म का डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। जिले में अबतक 99.93 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य हो गया है। जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सोनकच्छ, हाटपीपल्या और खातेगांव में प्रतिशत मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास में 99.79 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बागली में 99.90 प्रतिशत मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है।



## अयोध्या से लाए अखंड ज्योत और 11 गंगा जल कलश

### राघवेन्द्र सरकार धाम में स्थापित हुए अखंड ज्योति एवं कलश



**खातेगांव।** शनिवार को खातेगांव देवस्थान दाना बाबा से पदयात्रा राघवेंद्र सरकार मंदिर पहुंची। जहां भगवान रामलला की पावन जन्म स्थली अयोध्या से अखंड ज्योत व मां गंगा के 11 गंगाजल भरे कलश लेकर सेवा आश्रम खातेगांव के गुरुदेव शिवशंकर जी पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में भक्तों ने उनका स्वागत, सम्मान किया। इससे पूर्व नगर के प्रमुख मार्गों से पद यात्री अखंड ज्योति व गंगा जल के कलश लेकर निकले, जिनका विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। ऐसा पहली बार देखने और सुनने को मिल रहा है कि भारत में अयोध्या दरबार से किसी मंदिर में स्थापित करने के लिए अखंड ज्योत लाई गई हो। गुरुजी जब 1992 में अयोध्या गए थे, तब रामलला टेंट में विराजित थे, उस समय उन्होंने संकल्प लिया था कि जब भगवान श्रीराम का अयोध्या में भव्य मंदिर बनेगा और खातेगांव में राघवेन्द्र सरकार मंदिर बनेगा, तब अयोध्या से अखंड ज्योत लेकर खातेगांव स्थित सेवा आश्रम राघवेंद्र सरकार के दरबार में अखंड ज्योत स्थापित करूंगा। जिसके परिप्रेक्ष्य में आज उनका सपना पूरा हुआ। आश्रम परिसर में शनिवार को सुंदरकांड, भजन संध्या एवं रात्रि जागरण का आयोजन किया गया।

## टूटे चैम्बर का जायजा लेने पहुंचे नप अध्यक्ष प्रतिनिधि



**सोनकच्छ।** शनिवार को नगर परिषद के पार्षद व अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्णपालसिंह बघेल ने वार्ड 5 में भ्रमण किया, जो दैनिक जागरण द्वारा शनिवार को प्रकाशित 'सोनकच्छ का बिमार चेंबर : मैं लाचार हूं, राहगीर सावधान रहे' शीर्षक समाचार का सीधा व सकारात्मक परिणाम था। इस समाचार ने सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट के माध्यम से उठाई गई समस्या को गंभीरता से उजागर किया था। फलस्वरुप समाचार प्रकाशन के मात्र कुछ घंटों बाद ही प्रतिनिधि बघेल ने तत्काल टूटे हुए चैम्बर के समाधान के लिए नगर पालिका अधिकारी अमरदास सेनानी एवं इंजीनियर जितेंद्र मारू को ठोस निर्देश दिए तथा वार्ड का भ्रमण भी किया। प्रतिनिधि बघेल के निर्देशों का असर तुरंत दिखाई दिया और इंजीनियर मारू ठेकेदार के साथ मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने एक-दो दिन के भीतर टूटे चैंबर की जगह एक ठोस व मजबूत नया चैंबर बनाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि बघेल के त्वरित हस्तक्षेप एवं जिम्मेदारी भरे रवैये की वार्डवासियों ने प्रशंसा की। बताया जाता है कि भ्रमण के दौरान प्रतिनिधि बघेल ने तिलक मार्ग में जीर्ण-शीर्ण पड़ी नाली के शीघ्र जीर्णोद्धार की बात कही है। साथ ही उन्होंने वार्डवासियों को यह आश्वासन भी दिया कि आने वाले दो-तीन माह में तिलक मार्ग एवं भावसार मोहल्ले में नवीन सड़कों का निर्माण भी कराया जाएगा।

## डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत



**देवास।** शनिवार को क्षिप्रा और लोहार पिपल्या के बीच एक डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। फलस्वरूप बाइक पर सवार एक महिला की मौत हो गई। दो अन्य घायल हो गए। उधर टक्कर मारने के बाद डंपर भी सड़क किनारे पलट गया। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार होकर शाहरूख, शबाना व कल्लो बी इंदौर जा रहे थे। तभी क्षिप्रा-लोहार पिपल्या के बीच एक डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी जबरदस्ती थी कि बाइक पर सवार शबाना पति शाहरूख निवासी पिंगलेश्वर उज्जैन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार शाहरूख व कल्लो बी घायल हो गए। बाइक को टक्कर मारने के बाद डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी खा गई। जिसके बाद मार्ग पर कुछ देर के बाद यातायात अवरुद्ध हो गया। बाद में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। हादसे के बाद डंपर चालक और क्लीनर मौके से फरार हो गए।

## शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन




**देवास।** देवास जिला ग्राम भारती शिक्षा समिति देवास द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मेंढकीचक द्वारा विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 70 से अधिक मातृशक्ति की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता पूर्व आचार्य सुशीला माहेश्वरी, मुख्य अतिथि चेतना राठौर, जसपाल सिंह सेंधव की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथि परिचय मेघा सोमानी ने दिया। दीप मंत्र एवं वंदना शीतल चौधरी एवं प्रमिला बोड़खे ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मां अहिल्या बाई, रानी लक्ष्मीबाई, जीजा बाई, रानी चेनम्मा, झलकारी बाई, पन्ना धाय की वेशभूषा में बहनों एवं मातृ शक्तियों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी और उनके जीवन से जुड़ा प्रेरक संदेश साझा किया गया। वरिष्ठ दीदी सुनीता बारस्कर द्वारा मातृशक्ति से प्रश्नोत्तरी की गई एवं सहभागियों को पुरस्कृत किया गया। संचालन मयूरी चौधरी ने किया एवं आभार निहारिका शर्मा ने माना।

### सेना से सेवानिवृत्त हवलदार राजेंद्र पटेल का स्वागत

**देवास।** भारतीय सेना से हवलदार राजेंद्र पटेल बुधवार को सेवानिवृत्त होकर अपनी जन्मभूमि ग्राम चिड़ावद लौटे, जहां उनका पूर्व सैनिकों एवं परिजनों द्वारा देवास रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाज़ी के बीच उनका आगमन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बना। रेलवे स्टेशन से एक स्वागत रैली निकाली गई, जो बस स्टैंड होते हुए माताजी की टेकरी पहुंची। यहां राजेंद्र पटेल ने माताजी के दर्शन किया। इसके बाद रैली भोपाल चौराहा पहुंची, जहां वीर छत्रपति शिवाजी महाराज को प्रणाम कर माल्यार्पण किया गया। रैली आगे बढ़ते हुए तुलजा विहार पहुंची, जहां रास्ते भर लोगों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर सूबेदार तुलसीराम, सूबेदार हिरजी चौधरी, हवलदार दिनेश सिंह, हवलदार भरत पाटीदार, सूबेदार मनोहर सिंह, हवलदार राजमल, हवलदार बंशीधर मंडलोई, हवलदार चंद्रप्रकाश, हवलदार मनोज, हवलदार राकेश, हवलदार बद्रीलाल देतलिया, सहित कई पूर्व सैनिकों व ग्रामीण जनों ने स्वागत किया।

## स्कूल के पास से ९ पेटी अंग्रेजी शराब जब्त



**देवास।** औद्योगिक थाना पुलिस ने शुक्रवार रात को मुखबिर की सूचना पर सांदीपनि विद्यालय के पास हरियाली ढाबा के सामने बनी एक झोंपड़ी में दबिश देकर अर्जुन सोलंकी पिता कमल सोलंकी उम्र 34 साल निवासी सांवेर जिला इंदौर और जगदीश नागर पिता कैलाश नागर उम्र 40 साल निवासी भागसरा जिला देवास हाल मुकाम बालगढ़ को गिरफ्तार कर कब्जे से 9 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। जिसकी कीमत 32 हजार 750 रुपये बताई जा रही हैं। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। इस कार्यवाही में टीआई शशिकांत चौरसिया, एसआई राकेश चौहान, गौरव नगावत, प्रधान आरक्षक अजय बैस, आरक्षक यशपाल, अजय जाट की भूमिका रही।

## शराब खरीदने गए युवक के साथ मारपीट, प्रकरण दर्ज

**सोनकच्छ।** शुक्रवार रात बस स्टैंड स्थित शासन द्वारा अधिकृत शराब की दुकान पर शराब खरीदने गए एक युवक के साथ कुछ अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी राजकुमार पिता मानसिंह चौहान उम्र 27 वर्ष निवासी रविदास मोहल्ला वार्ड क्रमांक 1 ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैं अनाज मंडी सोनकच्छ में काम करता हूं। रात करीब 11 बजकर 15 मिनट की बात है, मैं अपने दोस्तों के साथ शराब लेने गया था। शराब के पैसे ज्यादा लेने को लेकर कलाली के कर्मचारी से हमारा विवाद हो गया था। तब उनमें से एक दुकान से बाहर आया और गाली देकर मेरे साथ मारपीट की, इसी दौरान उसके कुछ ओर साथी गाड़ी में बैठकर वहां आए और पाईप, डंडे आदि से मेरे साथ मारपीट कर मुझे घायल कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा फरियादी की रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 296(बी), 115(2), 351(3) व 3(5) का प्रकरण दर्ज किया गया।

## न्यूज कार्नर

### नीर का राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन



**जागरण मुंगावली।** तिवारी क्रिकेट अकादमी के होनहार खिलाड़ी नीर यादव पुत्र यादवेंद्र यादव का चयन एम एम जगदाले ट्रॉफी में ग्वालियर संभाग की टीम में चयन हो गया है एक बहुत उपलब्धि है बता दे की नीर यादव ने बड़े ही मेहनत और परिश्रम से इस मुकाम पर जगह बनाई है वहीं तिवारी क्रिकेट अकादमी के कोच ऋषि तिवारी ने बताया कि नीर यादव ने शानदार खेल के प्रदर्शन कर अभी हाल ही में आयोजित जीडीसीई प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना चयन एम एम जगदाले ट्रॉफी में कराया है जो आने वाले टाइम में जबलपुर में आयोजित की जाएगी वहीं नीर की इस उपलब्धि पर अशोकनगर डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जजपाल सिंह जज्जी, मुंगावली ब्लाक एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्जुन सिंह यादव, जिला सचिव अरुण रघुवंशी एवं समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

### 10 लीटर शराब जब्त

**अशोकनगर।** चंदेरी पुलिस ने एक 18 वर्षीय युवक से 10 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जप्त की है। चंदेरी पुलिस ने बताया है कि प्रदीप पुत्र मुकेश वाल्मीकि निवासी मातामढ़ मोहल्ला चंदेरी-पिछोर रोड़ पर पेड़ के नीचे कच्ची शराब लिए मिला था पुलिस ने उससे शराब जप्त कर ली है। जप्त शराब की कीमत करीब 1500 रुपये है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। वहीं कचनार पुलिस ने भी चूरम पारदी निवासी माधौगढ़ से 10 लीटर कच्ची शराब जप्त की है। आरोपी अशोकनगर विदिशा रोड पर सावन के रास्ते पर शराब लिए मिला था।

# पीडब्ल्यूडी की सड़क पर वन विभाग का अड़ंगा

**दस साल में नहीं मिली स्वीकृति, ठेकेदार काम छोड़कर भागा- वनभूमि में 3 किमी पर नहीं हुआ निर्माण**

### अशोकनगर से पिपरई होते हुए काछी बरखेड़ा तक केंद्रीय सड़क निधि से स्वीकृत हुई थी सड़क

**जागरण अशोकनगर।**

वन विभाग द्वारा चौड़ाई बढ़ाने की स्वीकृति न मिलने पर बहादुरपुर के ग्राम बंधी से ग्राम जारोली बुजुर्ग तक एक सड़क का 3 किलोमीटर का हिस्सा अधूरा है। यहां पहले 3.5 मीटर चौड़ाई की डामर सड़क थीए नवीन निर्माण के तहत इसकी चौड़ाई बढ़ाकर 7 मीटर कर दी गई, जिसे वन विभाग ने स्वीकृत नहीं किया।

दस वर्ष तक इसी पुरानी सड़क पर भारी वाहन दौड़ते रहे जिससे पुरानी सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो गई और नई सड़क नहीं बनी। अब सड़क के नाम पर यहां केवल धूल और पत्थरों से भरा एक रास्ता बचा है। जो इमला घाटी पर बरसाती पानी के बहाव से दोनों ओर कटाव का शिकार हो चुका है। यहां बीते दो तीन वर्षों में दो



लोगों की मौत ट्रैक्टर पलटने से हो चुकी। कई मोटर साइकिल सवार घाटी से उतरते वक्त अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। तीन किलोमीटर के उखड़े हिस्से के कारण जारोली बुजुर्ग और काछी बरखेड़ा के ग्रामीण तक पिपरई जाने के लिए इसका इस्तेमाल नहीं करते। क्षेत्र से पिपरई जाने के लिए पहले मुंगावली जाना पड़ता है,जिससे दूरी बढ़कर 35 किलोमीटर हो जाती है, जबकि काछी बरखेड़ा से पिपरई तक यह सड़क केवल 15 किलोमीटर लंबाई की है। इस तरह से सड़क अधूरी होने के कारण ग्रामीणों को 20 किलोमीटर का अतिरिक्त फेरा लगाना पड़ता है।

**मध्य प्रदेश में दूसरे नंबर पर मिली थी स्वीकृति:** केंद्रीय सड़क निधि से प्रदेश भर में दूसरे नंबर पर जिस सड़क को सन 2015 में स्वीकृति मिली थीए वह सड़क आज दस साल बाद भी अधूरी है। वजह है लोक निर्माण विभाग और वन विभाग में आपसी समन्वय न होना। 44.88 किलोमीटर लंबाई की अशोकनगर के राजमाता चौराहा से शुरू होकर पिपरई होते हुए मुंगावली के काछी बरखेड़ा में इस सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग 346ए से जोड़ा जाना था। इस सड़क का निर्माण जयपुर की श्री कृष्णा कंट्रक्शन कंपनी ने शुरू किया। निर्माण लागत थी 82.49 करोड़, किंतु तमाम तरह के अड़ंगे लगने के कारण निर्माण में देरी हुई और जीएसटी बिल आ गया। इसलिए कंपनी को निर्माण कार्य छोड़ने तक करीब 12 करोड़ रूपये बतौर जीएसटी के चुकाने पड़े। कंपनी निर्माण कार्य छोड़कर भी चली गई लेकिन निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण उसे केवल 70 करोड़ रुपए का भुगतान हुआ। इस तरह इस सड़क के निर्माण में कंपनी को करीब 24 करोड़ रुपए का घाटा भी हुआ है।

**इनका कहना है...**

ठेकेदार काम छोड़कर चला गया है। अब यदि वन विभाग से स्वीकृति भी मिली तो नया टेंडर होगा। इसके बाद सड़क बनाई जा सकेगी। हम ज्यादा हस्तक्षेप नहीं कर सकते।

**-पीके झा,कार्यपालय यंत्री, लोक निर्माण विभाग अशोकनगर**

अभी वह सड़क स्वीकृति के लिए राज्य स्तर से लंबित है। जिले का वन विभाग सकारात्मक दृष्टिकोण से स्वीकृति का प्रयास कर रहा है। सड़क जहां से गुजरी है, वहां वन्यजीवों का विचरण क्षेत्र है, इसलिए स्वीकृति में देरी हुई है।

**-ऋषि प्रजापति, वन परिक्षेत्राधिकारी, मुंगावली**

# पटवारी से मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### एसपी ने किया था 1 हजार का ईनाम घोषित मामला टीला गांव का

**जागरण अशोकनगर।**

मुंगावली थाना क्षेत्र के गांव टीला में एसआईआर का काम करने के लिए पहुंचे पटवारी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा एक हजार के ईनाम घोषित किया गया था।

उल्लेखनीय है कि बीती 24 नवंबर को थाना मुंगावली अंतर्गत हल्का पटवारी ईश्वरचंद पुत्र नरेश जाटव उम्र 30 वर्ष निवासी सबलगढ़ जिला मुरैना हाल निवासी पालीवाल कॉलोनी मुंगावली द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह ग्राम टीला में एसआईआर का शासकीय कार्य संपादित कर रहा थे तभी अचानक ग्राम टीला निवासी भानु प्रताप पुत्र अमोल सिंह यादव मौके पर आया और फरियादी को जातिसूचक शब्दों द्वारा अपमानित करते हुए उसके साथ गाली-गलौंच और मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा पहुँचाई। पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर थाना मुंगावली में अपराध क्रमांक 434/25 धारा 132, 121(1) 296, 351 (3) बीएनएस एवं धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2) (व्हीए) एससी एसटी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

पटवारी को प्राथमिक उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया जहाँ एक्स-रे परीक्षण में दाहिना कंधा डिस्लोकेट पाया गया। इस आधार पर प्रकरण में धारा 117(2) एवं 121(2) बीएनएस का इजाफा किया गया। घटना के बाद से आरोपी भानु प्रताप फरार था। उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित कर संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी गई और परिजनों से पूछताछ की गई तथा सायबर सेल की मदद भी ली गई। आरोपी की संपत्तियों की जानकारी जुटाकर आगामी कुर्की करने की कार्यवाही हेतु तहसील से अभिलेख प्राप्त किए गए। लगातार प्रयास करने के बाद 5 दिसंबर को पुलिस टीम द्वारा आरोपी भानूप्रताप यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल अशोकनगर दाखिल किया गया है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका:** उपरोक्त कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान, थाना प्रभारी मुंगावली उनि जोगेन्द्र सिंह यादव, उनि सुमरन कुड़ापे, सउनि अनिल सहरिया, सउनि माईकल अमरजीत, सउनि, अभिजीत सिंह सायबर सेल, प्रआर राजेन्द्र बघेल, प्रआर अरविन्द मौर्य, आर पवन मीना, आर रविकांत शर्मा और आरक्षक रोशन कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

## सनातन धर्म रक्षक संत सम्मेलन आज

**जागरण अशोकनगर।** धर्म रक्षक समिति जिला अशोकनगर द्वारा आज दोपहर 12:30 से 4 तक स्थानीय सरस्वती विद्यालय आरोन रोड पठार पर संत अर्चक पुरोहितों का धर्म रक्षक सम्मेलन आयोजित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रमुख डॉक्टर दीपक मिश्रा ने बताया कि हम सभी जानते है कि शास्त्र का वाक्य है ष्धर्म रक्षति रक्षितः अर्थात जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी रक्षा करता है। मठ, मंदिर, आश्रम, जिनालय, गुरुद्वारा, बौद्धमठ इन सब की स्थापना का उद्देश्य धर्म पर हो रहे आक्रमण का प्रतिकार और धर्मरक्षा ही था जो की संतो ने किया। वर्तमान परिस्थिति अलग नही है, जबकि अब आक्रमण अत्याधुनिक विधि से और घ्रणित तरीके से हो रहा है। धर्म जग रहा है, कथा सत्संग हो रहे है, फिर भी धर्मग्रंथों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, मंदिर मठो पर हमले हो रहे है। उन्होंने कहा कि झांकी लग रही है दुर्गा गणेश की पर मूर्ति भंजक आक्रमण कर रहे है। धार्मिक चल समारोह पर हमला हो रहा है। स्थान स्थान पर संतो पर प्राणघातक हमले हो रहे है। संत समाज की धुरी हैं एधर्म ध्वज वाहक है। धर्म जागरण कर्ता है। प्रेरक है पूजक है पूज्य है। जिससे मातृशक्ति का सम्मान बचे, आतंक मिटे, मंदिर, मठ, आश्रम सुरक्षित रहे। धर्म, संस्कार, संस्कृति, परम्परा पर्वत ही नही पर्यावरण बचे इस निमित्त एवं धर्म मूलरूप में आगे की पीढियों तक सुरक्षित पहुचे भारत धर्ममय, धर्मप्राण बने ये हमारा कर्तव्य एवं दायित्व है।

## बाबा साहब का संविधान देश का शक्तिशाली दस्तावेज : विधायक

**सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों ने किए श्रृद्धा सुमन अर्पित**



**जागरण अशोकनगर।**

शनिवार को भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर जिलेवासियों ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। विभिन्न सामाजिक और राजनैतिक संगठनों ने उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

विधायक इंजी. हरिबाबू राय सहित जिला मुख्यालय पर पुराने बस स्टैंड पर स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचें और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर केवल एक व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक समानता, न्याय, अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव मजबूत की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित भारतीय संविधान हमारे राष्ट्र का सबसे शक्तिशाली और जीवंत दस्तावेज है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने संविधान की मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प लिया।

## 37 यूनिट किया रक्तदान



**जागरण अशोकनगर।** शनिवार को लायंस क्लब बेस्ट एवं एपीएस एकेडमी के तत्वाधान में स्कूल में एक ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती मां के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर धर्मेंद्र रघुवंशी एवं ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर संदीप जैन द्वारा किया गया। कैंप में वार्ड क्रमांक 3 से पार्षद हेमलता रघुवंशी द्वारा 16वां रक्तदान, महेंद्र रघुवंशी द्वारा 25 वां रक्तदान, सोनू रघुवंशी, दीपक रघुवंशी, वीरेंद्र कुमार, निधि गहलोत, सरोज शर्मा, सत्येंद्र रघुवंशी, प्रवीण रघुवंशी, रघुराज सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, संदीप रघुवंशी, अमर सचिन कीर्ति यादव, अनिल सिंह, वैभवी जैन, राखी गुप्ता, कैलाश कुशवाह, आर्यन, देवेंद्र सिंह, रश्मि रघुवंशी, शीला रघुवंशी, अंकित नेहा छाबड़ा, मान्या सेन, प्राचार्य प्रिंस सोनी ने ब्लड डोनेशन किया गया। स्कूल द्वारा सभी रक्तदाताओं का फूल-माला पहनकर एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया गया। कैंप में एचडीएफसी बैंक का भी सहयोग रहा। रक्तदान शिविर में कुल 37 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ।

# राशन सेल्समैन ने मजदूर परिवार से की मारपीट, दीं गालियां

**राशन नहीं मिलने पर अंगूठा लगाने से मना किया था, एसपी से की शिकायत**

**जागरण, शिवपुरी।** जिले के सिरसौद थाना क्षेत्र के ग्राम टोंका में राशन दुकान सेल्समैन पर मजदूर परिवार ने मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगा है। मजदूर रामगणेश यादव का आरोप है कि राशन न देने पर अंगूठा लगाने से इनकार करने पर सेल्समैन सिंधिया यादव ने उनके परिवार पर हमला किया।

यह घटना 2 दिसंबर की रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित रामगणेश यादव के अनुसार, सेल्समैन सिंधिया यादव पहले उनके घर पहुंचा और बिना राशन दिए जबरदस्ती अंगूठा लगाने का दबाव बनाया। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो सेल्समैन ने उनके भाई अनेकसिंह को रास्ते में रोककर जबरन अंगूठा लगवाने की कोशिश की। शनिवार को रामगणेश ने बताया कि उसी रात आरोपी सेल्समैन फिर उनके घर आया और गाली-गलौज करने लगा। इस दौरान उसने रामगणेश के 10 वर्षीय बेटे आदेश को थप्पड़ मार दिया। सूचना मिलने पर 112 डायल पुलिस मौके पर पहुंची और सभी संबंधित पक्षों को थाने ले गई। हालांकि, रामगणेश का आरोप है कि थाने में उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई, बल्कि सिर्फ एक एनसीआर (गैर-संज्ञेय रिपोर्ट) दर्ज की गई। रामगणेश के मुताबिक, थाने से घर लौटने के बाद आरोपी सेल्समैन शराब के




नशे में फिर उनके घर पहुंचा। उसने परिवार पर पत्थर फेंके और धमकी दी कि यदि रिपोर्ट वापस नहीं ली गई, तो वह पूरे परिवार को जान से मार देगा या किसी झूठे मामले में फंसा देगा। पीड़ित का कहना है कि आरोपी सेल्समैन गांव में दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति है और पहले भी गरीबों का राशन रोकने और दबाव डालकर अंगूठा लगवाने जैसी घटनाओं में शामिल रहा है। लगातार मिल रही धमकियों के कारण रामगणेश और उनका परिवार दहशत के माहौल में जी रहा है। रामगणेश यादव ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी सेल्समैन के खिलाफ उचित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाए और उनके परिवार की सुरक्षा तय की जाए।

### उत्कृष्ट विद्यालय क्र.1 शिवपुरी में सायबर जागरूकता कार्यक्रम

**शिवपुरी।** राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह (एनसीएसएएम) के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 शिवपुरी में साइबर सेल शिवपुरी एवं स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया साइबर सतर्कता टीम द्वारा संयुक्त रूप से साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को तेजी से बदलते डिजिटल परिवेश में सुरक्षित रहने, ऑनलाइन ठगी से बचने और सोशल मीडिया के सावधान उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह जाट ने विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात में साइबर अपराधों से बचने हेतु जागरूक रहने की अपील की गई है। इसी क्रम में गृह मंत्री द्वारा भी देशभर में साइबर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके पालन में शिवपुरी पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। प्रभारी जाट ने विद्यार्थियों को डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड, एपीके फाइल धोखाधड़ी, फर्जी ट्रेडिंग वेबसाइट, सोशल मीडिया अपराध तथा लोन ऐप फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस तरह साइबर अपराधी भोले-भाले लोगों को निशाना बनाते हैं। कार्यक्रम में छात्रों ने साइबर अपराध से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका प्रभारी द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया।

## कोलारस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने एडवोकेट अमित, विजय पर हर्ष

**वरिष्ठों व साथियों ने दी बधाइयाँ**



**जागरण, कोलारस।** अभिभाषक संघ कोलारस (बार एसोसिएशन) के चुनाव में एडवोकेट अमित गुप्ता अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। उनके विजय की घोषणा होते ही अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल बन गया,अध्यक्ष निर्वाचित होने पर अधिवक्ता साथियों, वरिष्ठ वकीलों तथा क्षेत्र के नागरिकों ने अमित गुप्ता को हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाइयाँ दीं। सभी ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में बार एसोसिएशन नई ऊर्जा और बेहतर कार्य शैली के साथ आगे बढ़ेगा।

अधिवक्ता समाज में उनके सक्रिय योगदान और सरल स्वभाव को देखते हुए सदस्यों ने भरोसा जताया है कि वे बार और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे। एडवोकेट अमित गुप्ता को बार एसोसिएशन कोलारस का अध्यक्ष बनने पर एडवोकेट संतोष गोड धर्मेंद्र चतुर्वेदी हरिराम कोली आशीष मिश्रा जगदेव यादव राजेश शर्मा भारतेंदु लोधी सुरेंद्र जाट ऋषभ जैन कैलाश यादव इमरान खान अतुल जैन सचिव संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष महेश ओझा इंद्रसेन यादव दीपक वत्स अनंत सिंह जाट विनोद सिकरवार विपिन मित्तल अशोक चौबे हर्ष कुलश्रेष्ठ मुकेश बैरागी प्रदीप धाकड़ अरुण शर्मा प्रदीप गौड़ आजाद गुप्ता राजेश दांगी बृजेश राठौर भैया श्रीराम गौड सहित समस्त लोगों ने बधाई दी है।

### छह साल से तात्याटोपे पार्क में मूर्ति स्थापना अधूरी

**जागरण, शिवपुरी।** स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानी अमर शहीद तात्या टोपे की स्मृति में बने तात्या टोपे स्मारक पार्क की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी तात्या टोपे की प्रतिमा स्थापना बीते छह वर्षों से अधूरी पड़ी है। पार्क के भीतर तैयार किया गया मजबूत प्लेटफॉर्म आज भी खाली है, जो हर आगंतुक को अधूरे सम्मान की याद दिलाता है। शहरवासी इसे शिवपुरी के लिए बड़ी विडंबना मानते हैं, क्योंकि जिस शहीद ने 1857 में अपने प्राण देश के लिए न्यौछावर किए, उनकी प्रतिमा आज भी पार्क में स्थान पाने की प्रतीक्षा कर रही है। आगामी 6 जनवरी 2026 को तात्या टोपे की 208वीं जयंती है और 18 अप्रैल को प्रतिवर्ष उनका बलिदान दिवस मनाया जाता है। इन दोनों ऐतिहासिक अवसरों के बीच पार्क का अधूरा स्वरूप नागरिकों को गहरा खटक रहा है। एडवोकेट रमेश मिश्रा का कहना है कि तात्या टोपे का बलिदान शिवपुरी की शान है, उनकी मूर्ति का शीघ्र स्थापना होना हम सभी की जिम्मेदारी है। शिवपुरी लोकसभा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पहले ही शहर के पार्कों के सौंदर्यीकरण के निर्देश दे चुके हैं। इसके बावजूद अग्रसेन चौक के सामने स्थित इस प्रमुख तात्या टोपे स्मारक पार्क में प्रतिमा स्थापना का कार्य अटका हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्लेटफॉर्म पर फैला खालीपन इस बात का प्रतीक है कि पार्क अभी अधूरा है और वीर शहीद को पूरा सम्मान नहीं मिल पाया है।

## कोलारस में निकली श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा की भव्य कलश यात्रा

**जागरण, कोलारस।** कोलारस नगर के प्राचीन श्री धर्मशाला हनुमान जी मंदिर पर फिर से श्रीमद प्रज्ञा पुराण कथा का आरंभ आज श्री गणेश पूजन एवं भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा का आरंभ गायत्री मंदिर से प्रारंभ हुई जो की ऐबी रोड से होते हुए सदर बाजार से होते हुए सीधे श्री धर्मशाला हनुमान जी मंदिर पर बैंड बाजो के साथ पहुंची इसी दौरान कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया गया कथा व्यास के रूप में बनारस काशी से पधारे पंडित अनिलेश तिवारी जी के मुखारविंद से श्रोताओं को रसपान कराया जा रहा है।

इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन पूर्व कृषि उपज मंडी समिति अध्यक्ष श्रीमती-रामजीलाल धाकड़ द्वारा किया जा रहा है। ऐसा पहली बार है कि श्रीमद प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन कोलारस के धर्मशाला हनुमान मंदिर पर किया जा रहा है। कथा का आयोजन



आज 6 दिसंबर शनिवार से 13 दिसंबर शनिवार तक पूर्णाहोती एवं भंडारी के साथ संपन्न होगा। प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 1 से 5 बजे तक रहेगा।

यह कथा गायत्री शक्ति पीठ कोलारस के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। इस कथा महोत्सव में श्रीराम महोत्सव समिति धर्मशाला हनुमान मंदिर कोलारस का संरक्षण रहेगा।आयोजनकर्ताओ ने सभी से अपील की है कि सभी समय पर पधारकर कथा का धर्म लाभ उठाए।

### डीआरडीओ का परीक्षण बैलून खेत में गिरा, सेना ने जांच कर कब्जे में लिया, फसल को नुकसान



**शिवपुरी।** सिरसौद थाना क्षेत्र के ख्याबदा गांव में शनिवार सुबह एक बड़ा परीक्षण बैलून गिर गया। यह बैलून रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) का बताया जा रहा है, जिसे मौसम संबंधी परीक्षणों के लिए आगरा से छोड़ा गया था। बैलून में कोई व्यक्ति सवार नहीं था। बैलून गिरने की सूचना मिलते ही सिरसौद थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और उसे अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने स्थानीय प्रशासन को घटना से अवगत कराया। कुछ देर बाद सेना की एक टीम भी गांव पहुंची, जिसने बैलून की जांच-पड़ताल की और उसे अपने साथ श्योपुर ले गई। ग्रामीणों के मुताबिक, यह बैलून ख्याबदा गांव के किसान सुनील रावत के टमाटर के खेत में गिरा। इस घटना से उनकी फसल को मामूली नुकसान हुआ है। खेत में अचानक बैलून गिरने से आसपास के ग्रामीणों में कुछ समय के लिए कौतूहल और अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि यह बैलून नियमित मौसम परीक्षण प्रक्रिया का हिस्सा था और इसके गिरने से किसी प्रकार का खतरा नहीं है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मॉडल विद्यालय कोलारस में वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न

**जागरण, कोलारस।** शासकीय मॉडल उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में बॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय , शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय से कई उच्चत्तर माध्यम विद्यालय कोलारस, सरस्वती शिशु मंदिर एवं उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पब्लिक स्कूल ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस वॉली वाल प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप मे ओपी भार्गव सहायक संचालक राहुल भार्गव शंडल प्राचार्य विवेक महेन्द्रा मौजुद थे। प्राचार्य संजय पाठक फूलमाला से अतिथियो का स्वागत किया स्वागत करने वालों में जितेन्द्र चौरासिया दीपक भार्गव भारत रावत इमराज खान पुरुषोत्तम मेहता अरविंद जैन ने किया। मुख्य अतिथि ओपी भार्गव ने कहाँ खेल सिर्फ खेल नही बल्कि एकता युवाशक्ति का सशक्त भारत का मंच है । खेल छात्र छात्राओ का शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ साथ शरीर को शक्तिशाली बनाता है। सहायक संचालक राहुल भार्गव ने कहाँ छात्र छात्राओं मे खेल से खेल भावना, अनुशासन स्वास्थ्य बेहतर बेहतर नीद,



एकाग्रता को सिखाता है। प्राचार्य विवेक महेंद्रा ने भी छात्र छात्राओं को मार्ग दर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन अजय भार्गव एवं आभार प्राचार्य संजय पाठक ने किया। कार्यक्रम मुख्य रूप से श्रीमती प्रियका भदौरिया, सुश्रीप्रीती सृज भदौरिया, सचिन वर्मा % प्रीती लोधी, गिरधारी ग्वाल, नजीर खान अर्पित दुवे सहित गाँववासी छात्र छात्राऐ मौजुद रहे। कार्यक्रम के अतः में पब्लिक स्कूल कोलारस प्रथम् एवं द्वितिय पुरुष्कार से सई टीम को अतिथियों द्वारा दिया गया।

# जागरण गुना

गुना, 7 दिसंबर, 2025 चांचौड़ा - राघौगढ़ www.dainikjagranmpcg.com


### ओलम्पियाड की परीक्षा आज

**जागरण, हरदा।** प्रदेश में ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने गणित एवं विज्ञान विषय में कक्षा 9वीं एवं 10वीं में ओलम्पियाड में भाग लेने के लिये पंजीयन किया था, उन विद्यार्थियों की विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा 7 दिसम्बर 2025 रविवार को प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक विज्ञान विषय एवं दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है।

### मंडी में 14 हजार 881 क्विंटल अनाज की आवक

**जागरण विदिशा।** सोमवार को अनाज मंडी 14 हजार 881 क्विंटल अनाज की आवक रही। इस दौरान सर्वाधिक 6 हजार 364 क्विंटल धान की आवक रहा। जो कि 1300 रुपए से लेकर 3600 रुपए क्विंटल तक बिकी। इसी तरह चने के भाव 4590 से 5400 रुपए क्विंटल रहे। वहीं मसूर 6858 से 6300 के भाव बिकी। इसी तरह सोयाबीन 2445 से 4760 रुपए क्विंटल के भाव वहीं गेंहू 2230 से 3300 के भाव रहा और करीब 473 किसानों ने अपने अनाज का बिक्रय किया।

## संक्षिप्त न्यूज

### दिव्यांगजनों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित

**गुना।** विकास खण्ड बमोरी में निशक्तजनों की प्रतिभा और क्षमता को मंच देने के उद्देश्य से सामर्थ्य-2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद शिक्षा केंद्र एवं मंडी प्रांगण बमोरी में आयोजित इस विकास खण्ड स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बमोरी विकास खण्ड के विभिन्न विद्यालयों से आए दिव्यांग बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनके साथ ब्रेल एवं सांकेतिक भाषा में प्रशिक्षित शिक्षकों ने भी कार्यक्रम में भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद शिक्षा केन्द्र बमोरी के बी.आर.सी.सी. कोक सिंह पोर्सिया, संकुल प्रभारी एवं प्राचार्य परवाह विजय श्रीवास्तव और सह समन्वयक साक्षर भारत प्रधुम्न शर्मा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

### हेलमेट सुरक्षा अभियान जारी, 49 पर जुर्माना

**गुना।** जिले में विशेष सड़क सुरक्षा एवं यातायात अनुशासन अभियान व्यापक स्तर पर जारी है। इस अभियान के तहत, आज यातायात पुलिस ने पीजी कॉलेज के सामने चेकिंग पॉइंट लगाकर सख्त किंतु मानवीय दृष्टिकोण से कार्रवाई की। यातायात पुलिस द्वारा बिना हेलमेट वाहन चलाते पाए गए 49 चालकों से मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 14,700 रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में टीआई ट्रैफिक अजय प्रताप सिंह कुशवाह ने जन-हितकारी चेकिंग अभियान संचालित किया। शनिवार को पीजी कॉलेज गुना के सामने विशेष चेकिंग प्वाइंट लगाया गया। चेकिंग के दौरान कॉलेज स्टाफ और छात्र-छात्राएं सहित कई दो-पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट पाए गए। बिना हेलमेट पाए गए 49 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 14,700 का जुमार्ना वसूल किया।

### पुलिस ने किया 1.40 लाख का गांजा जब्त

**गुना।** फतेहगढ़ थाना पुलिस को अवैध मादक पदार्थ तस्करों पर बड़ी सफलता मिली है। फतेहगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयनारायण शर्मा और उनकी टीम ने 06 किग्रा अवैध गांजा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 6 दिसंबर की सुबह, फतेहगढ़ थाने की एक पुलिस टीम सेनवोर्ड-हमीरपुर रोड़ स्थित पथरिया गांव के मोड़ पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान गुना तरफ से हीरो स्प्लेंडर मोटर साइकिल पर दो व्यक्ति आते दिखे। संदेह होने पर पुलिस बल ने उनका पीछा कर घेराबंदी की और उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों ने अपने नाम आदित्य उर्फ लालू , निवासी पठार मौहल्ला फतेहगढ़, और राज , निवासी कर्नेलगंज गुना बताए। पुलिस ने दोनों आरोपियों से 06 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ।

### गार्डन, डीजे और सिम विक्रेताओं की बैठक

**गुना।** जिले में कानून और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से गुना पुलिस द्वारा सामाजिक आयोजनों में सुव्यवस्था एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए सतत प्रभावी कार्यवाहियाँ और जन-जागरूकता आधारित पहल की जा रही है। इसी क्रम में, गत दिवस सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा और कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव ने केंट थाना क्षेत्र में संचालित मैरिज गार्डन एवं डीजे संचालकों की एक अहम बैठक आयोजित की। बैठक में विवाह, सामाजिक और बड़े कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा, नियमों के अनुपालन और संभावित अव्यवस्थाओं की रोकथाम हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिए।

### नवविवाहित दंपति के मकान में भीषण आग, लाखों का सामान राख

# धुआं बढ़ने के बाद खुली नींद, नहीं पहुंच सका दमकल

**जागरण, गुना।** चौधरी मोहल्ला स्थित एक किराए के कच्चे मकान में शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात करीब 2 बजे अचानक भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में करीब 10 महीने पहले शादी के बंधन में बंधे रामदास अहिरवार और उनकी पत्नी गंगा अहिरवार बुरी तरह झुलस गए। आग से शादी का पूरा दहेज, जेवरात, राशन और नगदी सहित लगभग 3 से 4 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार, रामदास अहिरवार अपनी पत्नी गंगा के साथ चौधरी मोहल्ला में किराए के मकान में रह रहे थे। रात्रि करीब 2 बजे अचानक गद्दा जलने से पूरे मकान में धुआँ फैल गया। धुआँ और घुटन महसूस होने पर पत्नी गंगा अहिरवार की नींद खुल गई। देखते



ही देखते आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि समय रहते दंपति को बाहर निकाला जा सका। आग की चपेट में आने से रामदास अहिरवार का चेहरा बुरी तरह झुलस गया, जबकि उनकी पत्नी गंगा अहिरवार भी झुलस गई हैं। दोनों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। आग इतनी भीषण थी कि अगर समय पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह पड़ोस के मकानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी और एक बड़ा हादसा हो सकता था। एक पड़ोसी ने तत्परता दिखाते हुए पड़ोसी के ट्यूबवेल को चालू कर दिया और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

#### फायर ब्रिगेड न आई, न आ सकती थी

पीड़ित दंपति और स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना के बाद तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया था, लेकिन फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुँची। हालांकि, बताया जा रहा है कि रामदास अहिरवार के घर तक संकरे रास्ते के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी का पहुँचना मुश्किल भी था। आग लगने का स्पष्ट कारण अभी तक सामने नहीं आया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का मुआयना किया और पंचनामा बनाया। इस हादसे में रामदास और गंगा अहिरवार के वैवाहिक जीवन का सारा सामान जलकर खाक हो गया।

### झागर में युवक ने सल्फाज खाकर दी जान

# क्रिकेट के सट्टे में हारा था पैसे कर्जदार आने लगे तो खुदकुशी की

**जागरण, गुना।** कर्जदारों की प्रताड़ना से परेशान होकर 19 वर्षीय युवक ने सल्फास खाकर जान दे दी है। युवक के परिजनों ने भारी-भरकम ब्याज पर रुपए देकर युवक को परेशान करने वाले व्यक्तियों के नाम भी उजागर किए हैं। मामला बमौरी ब्लॉक के ग्राम झागर का है। यहां रहने वाले 19 वर्षीय युवक विकास उर्फ विक्की पुत्र गिरिराज किरार ने शुक्रवार रात करीब 8 बजे सल्फास खा लिया था। युवक के परिजनों को जैसे ही जानकारी मिली, वे विकास को लेकर गुना आए। लेकिन दो प्राइवेट अस्पतालों ने विकास की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कुछ घंटों बाद विकास उर्फ विक्की की गुना जिला अस्पताल में मौत हो गई। युवक के पिता और रिश्तेदारों ने दावा किया है कि विक्की को झागर, परवाह, धनोरिया सहित अन्य गांवों के लोगों ने भारी-भरकम ब्याज पर 4 से 5 लाख रुपए का कर्ज दिया था। विकास के पिता ज्यादातर राशि वापस करवा चुके थे। लेकिन अनाप-शनाप ब्याज होने की वजह से कर्ज चुकता नहीं हो पा रहा था और ब्याज पर रकम देने वाले लोग लगातार विकास को परेशान कर रहे थे। वह आरोपियों के दबाव में आकर तनावग्रस्त रहने लगा था। बताया जाता है कि युवक पर उक्त कर्जा क्रिकेट के सट्टे में पैसे हारने से हो गया था। परिजनों ने उस दुकानदार के नाम का भी खुलासा किया है, जिसने विकास उर्फ विक्की को सल्फास की गोली बेची थी।

### कैंट क्षेत्र के गुलाबगंज में बीए के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुना।** कैंट थाना क्षेत्र के गुलाबगंज में बीए प्रथम वर्ष के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी मिलने पर युवक के परिजन और रिश्तेदार स्तब्ध है, कोई भी आत्मघाती कदम की वजह नहीं बता पा रहा है। विदिशा जिले की सिरोंज तहसील के ग्राम प्यासी निवासी 19 वर्षीय आशीष पुत्र परमाल सिंह चंदेल गुलाबगंज गुना में किराए का कमरा लेकर पढ़ाई कर रहा था। आशीष जेब खर्च के लिए हाट रोड पर स्थित एक फर्नीचर शोरूम पर भी नौकरी करता था। शुक्रवार शाम लगभग 5.30 बजे मकान मालिक को कुछ अनहोनी का आभास हुआ। पड़ताल करने पर पता चला कि आशीष ने कमरे में सफेद रंग की तौलिया से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली है। इस घटना की जानकारी तुरंत आशीष के परिजनों को भेजी गई, वे देर शाम ही गुना आ गए। आशीष के शव का पोस्टमार्टम शनिवार सुबह जिला अस्पताल में कराया गया है। परिजनों का दावा है कि ऐसी कोई वजह नहीं थी, जिसके चलते आशीष ने आत्महत्या की होगी। हालांकि पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और आत्महत्या करने के कारणों को तलाशने में जुट गई है।

### अस्पताल प्रांगण में तम्बाकू, गुटखा खाने वालों पर हो रही कार्रवाई और

# प्रसूति वार्ड में अव्यवस्थाओं पर प्रबंधन मौन

**जागरण, गुना।** एक ओर जहां गुना जिला अस्पताल प्रबंधन ने परिसर में कोटपा कानून (सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003) का सख्ती से पालन करते हुए तंबाकू सेवन पर जुमार्ना लगाने का सराहनीय अभियान शुरू किया है, वहीं दूसरी ओर अस्पताल के सबसे संवेदनशील प्रसूति वार्ड की बदहाल अव्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों और उनके अटेंडरों पर परिसर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी तो डाली जा रही है, लेकिन मरीजों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में उदासीनता दिखाई दे रही है। सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र सिंह रघुवंशी के निर्देश पर जिला अस्पताल परिसर में तंबाकू, गुटखा या बीड़ी-सिगरेट का सेवन करते पाए जाने पर 200 का जुर्माना लगाया जा रहा है। शनिवार को कई लोगों पर कोटपा कानून के तहत 200 का जुर्माना लगाया गया। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि नियमित निगरानी की जा रही है और बहसबाजी करने वालों को पुलिस के सुपुर्द किया जा सकता है। जुर्माने के साथ-साथ तंबाकू सेवन करते पकड़े गए लोगों को



गुना। प्रसूति वार्ड में एक ही पलंग बैठने मजबूर हैं मरीज और अटेंडर।

निकोटीन की निश्शुल्क टेबलेट भी दी गईं, ताकि वे अपनी मादक पदार्थों की लत छोड़ सकें। प्रबंधन ने यह भी जानकारी दी है कि लत से परेशान लोगों के लिए जिला अस्पताल में निश्शुल्क उपचार और परामर्श की सुविधा उपलब्ध है। यह पहल अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने और स्वास्थ्य मानकों का पालन कराने की दिशा में सही कदम है।

#### दूसरी ओर प्रसूति वार्ड की बदहाल हालतनहीं

जिला अस्पताल का मेटरनिटी केंद्र, जहां रोजाना 25 से अधिक डिलेवरी होती हैं, संसाधनों की कमी और अव्यवस्थाओं का शिकार है। यहां का प्रसूति वार्ड %बद से बदत्तर% स्थिति में है, जहां अटेंडरों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रसूता महिलाओं के साथ आए अटेंडरों के बैठने या रात गुजारने के लिए वार्ड में कोई जगह उपलब्ध नहीं है। अटेंडर छोटे से पलंग पर प्रसूता और बच्चे के साथ एक कोना संभालकर सोने के लिए मजबूर हैं। प्रसूता के पास बैठने के लिए स्टूल या कुर्सी जैसे जरूरी संसाधन तक प्रबंधन उपलब्ध नहीं करा पाया है। इस वार्ड में मरीजों के परिजनों के साथ बहस और यहां तक कि मारपीट की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। भाजपा विधायक पन्नलाल शाक्य भी इस वार्ड की अव्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर चुके हैं। एक घटना में तो अस्पताल स्टाफ की पत्नी का प्रसव कथित तौर पर अस्पताल के बाहर ही हो गया, क्योंकि प्रसूति वार्ड से कोई मदद के लिए बाहर नहीं आया।

#### प्रबंधन का दोहरा मापदंड

जिला अस्पताल प्रबंधन एक तरफ जहां कोटपा कानून का सख्ती से पालन कराते हुए अटेंडरों पर जुमार्ना लगाकर परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर सबसे महत्वपूर्ण प्रसूति वार्ड में अव्यवस्थाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अटेंडरों से साफ-सफाई की अपेक्षा करना सही है, लेकिन जब उन्हें बैठने या आराम करने के लिए बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं, तो यह अस्पताल प्रशासन की प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है। तमाम अव्यवस्थाओं के बीच प्रसूता और उनके अटेंडर यहां 3 से 4 दिन गुजारने के लिए विवश हैं, प्रबंधन तथा प्रशासन दोनों ही इस समस्या को हल करने में असहाय नजर आ रहे हैं।

### दो दिनों से आतंक फैलाने वाले सांड का किया रेस्क्यू

**गुना।** शहर के व्यवसायिक क्षेत्रों में आतंक का पर्याय बन चुके एक आवारा और मानसिक विक्षप्त सांड को आखिरकर रेस्क्यू कर लिया गया है। इस आवारा मवेशी का आतंक इतना था कि इसे काबू करने में नगरपालिका और पशु चिकित्सा विभाग की टीम को दो दिनों का समय लग गया।

दरअसल, गुना के नई सड़क, छोटी मस्जिद गली, सराफा और जयस्तंभ चौराहा क्षेत्र में एक आवारा सांड ने आतंक बरपाया हुआ था। लोगों का कहना था कि सांड का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। इसकी पुष्टि पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने भी कर दी थी। इसके बाद सबसे पहले शुक्रवार को आवारा सांड के रेस्क्यू की प्रक्रिया शुरु हुई। सबसे पहले इस मवेशी को वार्ड क्रमांक 15 में पकड़ा गया था। पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने सांड को बेहोशी के 3-3 इंजेक्शन लगाए, इसके बावजूद उसे काबू नहीं किया जा सका और वह भाग निकला। हालांकि शनिवार को एक बार फिर दोनों ही महकमों की टीम ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया और जयस्तंभ चौराहा इलाके में सांड की मौजूदगी सामने आने पर उसे रेस्क्यू कर लिया गया है। नगरपालिका अब इस आवारा मवेशी को शहर के बाहर जंगल में छोड़ रही है। बता दें कि गुना शहर के खासकर व्यवसायिक क्षेत्रों में आवारा मवेशियों का आतंक है।

### होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस

# कलेक्टर कन्याल ने होमगाड्र्स के समर्पण की सराहना की




**जागरण, गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शनिवार को गुना स्थित होमगाड्र्स परेड ग्राउंड में आयोजित होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर सहभागिता की और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने होमगार्ड के जवानों के साहस, समर्पण और निस्स्वार्थ सेवा की प्रशंसा की। कलेक्टर कन्याल ने कहा कि विपदा के समय में होमगार्ड बहुत मेहनत करते हैं और यह देखकर प्रसन्नता होती है जब आप किसी की जान बचाते हैं। उन्होंने होमगाड्र्स की भूमिका को रेखांकित करते हुए बताया कि प्रशासन आए दिन चुनौती देता है और इन चुनौतियों का सामना करने में होमगाड्र्स का सहयोग अमूल्य होता है। कलेक्टर ने विशेष रूप से 29 जुलाई को गुना में आई भीषण बाढ़ का उल्लेख किया। कलेक्टर ने भावुक होते हुए कहा कि उस समय होमगार्ड के जवानों ने कई लोगों की जान बचाई। उन्होंने बताया, बाढ़ के समय हमने सेना को बुला लिया था, लेकिन जब तक सेना आती, तब तक होमगार्ड अपना काम कर चुका था, अधिकांश लोगों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से बाहर निकाल लिया गया था। कलेक्टर ने स्वीकार किया कि होमगार्ड गुना के पास स्टाफ की कमी है, जिसके कारण उनकी चुनौतियाँ और भी ज्यादा हैं, लेकिन इसके बावजूद वे असाधारण प्रदर्शन कर रहे हैं।

### असिस्टेंट प्रो. के साथ मारपीट,घर पर कब्जे की एसपी से शिकायत

**गुना।** पीजी कॉलेज गुना में सहायक प्राध्यापक डॉ. रानी मुगल के आरोन स्थित घर पर कब्जा करने और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोन निवासी डॉ. रानी मुगल ने पहले आरोन थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन सही कार्रवाई न होने पर शनिवार को उन्होंने गुना एसपी अंकित सोनी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार, डॉ. रानी मुगल ने आरोन में 50 लाख का होम लोन लेकर अपना घर बनाना शुरू किया था। उन्होंने यह घर बनाने का काम ठेके पर एक व्यक्ति को दिया था। आरोप है कि ठेकेदार ने निर्माण के दौरान आसपास के लोगों से यह कहना शुरू कर दिया कि यह उसका निजी घर है और वह अपना घर बना रहा है। शिकायत के मुताबिक, ठेकेदार ने एक बार घर में भंडारा भी आयोजित कर दिया था, जिसमें डॉ. रानी मुगल ने धार्मिक आधार पर सहयोग किया था। बाद में, जिस व्यक्ति ने घर बनाया था, उसने डॉ. रानी मुगल का यह मकान किराए पर भी ले लिया था। हाल ही में, घर बनाने वाले उस व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद उसके परिजन अब डॉ. रानी मुगल के घर पर कब्जा करने के लिए उतारू हैं। पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# 24 लाख की शराब के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

### प्रीतम वाटिका से आबकारी विभाग ने जब्त की 2 पेटी विदेशी शराब

**जागरण, गुना।** गुना एसपी अंकित सोनी के निर्देशन में अवैध शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

गुना जिले की धरनावदा पुलिस ने एक कार्रवाई करते हुए 24 लाख रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त करते हुए दो तस्करों को भी दबोच लिया है। पुलिस का दावा है कि शुक्रवार शाम धरनावदा थाने को मुखबिर से सूचना मिली थी कि हाईवे पर गुना से रूठियाई की ओर जा रहे ट्रोलर ट्रक में भारी मात्रा में अवैध शराब ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही टीम ने हाईवे पर नाकाबंदी की। पुलिस को देखकर ट्रक चालक ने पुलिस को कट मारा और तेज गति से भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया, जिसके बाद पुराने ए.बी. रोड़ पर ग्राम रानीपुरा की पुलिया के नीचे रास्ता बंद होने पर चालक ने ट्रक रोक लिया। ट्रक से उतरकर भागे चालक और क्लीनर को पुलिस फोर्स ने दौड़कर, गिरते-उठते बमुश्किल पकड़ लिया। पुलिस ने इस मामले में ट्रोलर चालक रितिक कटारा और क्लीनर सूरज वसोनिया को गिरफ्तार किया है। दोनों ही धार जिले के रहने वाले हैं। ट्रोलर की




तलाशी लेने पर इसके आधे हिस्से में पार्टीशन बनाकर अंग्रेजी शराब की 301 पेटियां बरामद हुई हैं। इनमें करीब 14 हजार 448 क्वाटर भरे पड़े हुए थे, जिन्हें जब्त कर लिया है।

#### आबकारी विभाग ने की बड़ी कार्यवाही

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी सीमा सक्सेना के मार्गदर्शन में शनिवार को आबकारी वृत्त गुना के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा मुखबीर सूचना मिली की एक व्यक्ति प्रीतम वाटिका में अंग्रेजी मदिरा रख कर गया है। उक्त सूचना पश्चात प्रीतम वाटिका पर आबकारी बल सहित पहुँचकर विधिवत तलासी ली गई तो 02 पेटी अंग्रेजी मदिरा आयरलैण्ड की व्हिस्की 24 नग 750 एमएल पायी गयी द्य जिसकी क़ीमत 69,840/- रुपये है द्य प्रीतम वाटिका के मालिक से उक्त मदिरा की पूछताछ की जा रही है द्य इसमें अन्य लोग भी शामिल होने की संभावना है द्य आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक गोविंद सिंह मीणा, महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी की भूमिका सराहनीय रही ।

### विशाल घट यात्रा एवं ध्वजारोहण से सिद्ध चक्र विधान का भव्य शुभारंभ

# गाजे-बाजे के साथ पारसनाथ मंदिर से निकला जुलूस

**जागरण, राघौगढ़।** धर्मनगरी राघौगढ़ में आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनि योग सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में आयोजित श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का भव्य शुभारंभ विशाल घट यात्रा एवं विधि विधान से ध्वजारोहण से हुआ। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं जैन समाज ट्रस्ट कमेटी मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार जैन ने बताया है।

विशाल घट यात्रा का जुलूस श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर राघौगढ़ से प्रारंभ हुआ। जुलूस में सबसे आगे मुनि योग सागर जी महाराज सत्संग चल रहे थे एवं धर्म प्रभावना बढ़ा रहे थे। उनके पीछे रथ में भगवान विराजमान कर चल रहे थे। इंद्राणियां केसरिया वस्त्र पहने मंगल कलश लेकर चल रही थी। घट




यात्रा का जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो से गाजे बाजे एवं गगन भेदी नारों के साथ संत सुधा सागर धाम स्थित संभवनाथ जिनालय परिसर पहुंचा। जहां पर ध्वजारोहण विधि विधान से सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया के निर्देशन में जैन समाज के अध्यक्ष सिंघई अशोक कुमार भारिल्य एवं विधान पुण्यार्जक परिवार के वरिष्ठ एवं नगर गौरव मुनि निर्लेप सागर जी गृहस्थ जीवन के ताऊ पूर्व न पा अध्यक्ष डां अजित रावत सहित परिवारजनों ने किया। धर्म सभा में मंगल प्रवचन करते हुए मुनि योग सागर ने कहा श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन आप सभी का महान पुण्य है। उन्होंने सभी से आव्हान किया कि मन लगाकर भाग ले। आपने विधान की पूजन के समय मोबाइल का त्याग करने का आव्हान किया।

### कांग्रेस ने बाबा साहब को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**गुना।** भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में श्रद्धासुमन अर्पित किए गए और संविधान की सुरक्षा व संप्रुभता को बरकरार रखने की शपथ ली गई।

जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह के निर्देश पर गुना में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी क्रमांक एक और दो के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता सुबह 11 बजे अंबेडकर मांगलिक भवन में एकत्रित हुए। सबसे पहले बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने बाबा साहब का स्मरण करते हुए विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान लिखने बाबा डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। सभी ने वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि भारत को एकजुट और विकासशील बनाए रखने के लिए संविधान ही एकमात्र विकल्प है, जिसकी सुरक्षा और संप्रभुता बरकरार रखना एक-एक कांग्रेस कार्यकर्ता का दायित्व है।

# भाजपा के संभागीय प्रभारी के आगमन पर स्वागत



**जागरण, गुना।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, ग्वालियर संभाग के संगठन प्रभारी डॉ. निशांत खर का नगर आगमन पर सर्किट हाउस में नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं वरिष्ट भाजपा नेता अरविंद गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेट कर पट्टिका पहना कर स्वागत कर एसआईआर के कार्य के संबंध मे मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेद्र सिकरवार, गुना विधीयक पन्नालाल, पूर्व मंत्री गोपीलाल, पूर्व विधायक राज्रेन्द्र सलूजा, हरी सिहं यादव, गोविन्द राठी, नीरज निगम अरुण चर्तवेदी वरिष्ट भा ज प नेता श्री सूर्यपश्रकाश तिवारी जी अलोक विजयवर्गीय जी पूर्व न पा अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता, गिरराज भार्गव, अर्जुन राजपूत, परेश भार्गव, राजेश राजपूत, वीरेन्द्र धाकड सहित पार्टी के कई कार्यकता उपस्थित रहे।